झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/20/21 – 16 ,राँची/दिनांकः23/03/2021

राज्य के अभियंत्रण संस्थानों में शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में नामांकन के लिए ईच्छुक विद्यार्थियों से संबंधित अति–महत्वपूर्ण सूचना

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, राँची के ज्ञापांक–03–त0शि0प्र0 JCECEB-01/18–418 दिनांक–08.03.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के आलोक में झारखण्ड राज्य में विभागान्तर्गत मान्यता प्राप्त अभियंत्रण संस्थानों के बी0टेक0 पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में पर्षद द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में नामांकन की अनुशंसा केवल राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा आयोजित JEE (Main)-2021 परीक्षाफल के ही आधार पर की जायेगी। NTA द्वारा संबंधित परीक्षा वर्ष– 2021 में चार सेशनों यथा फरवरी, मार्च, अप्रैल तथा मई माह में आयोजित की जायेगी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा JEE (Main)-2021 के लिये जारी सूचना विवरणिका (Information Bulletin) के अनुसार सेशन–1, 23 फरवरी से 26 फरवरी 2021; सेशन–2, 15 मार्च से 18 मार्च 2021; सेशन–3, 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2021 तथा सेशन–4, 24 मई से 28 मई 2021 के बीच सम्पन्न होना है।

अतः बी0टेक0 पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ईच्छुक विद्यार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जा रहा है कि वे उपरोक्त सूचना के आलोक में संबंधित परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

अगर नामांकन के लिये ईच्छुक किसी विद्यार्थी द्वारा किन्ही कारणवश Session-1 एवं Session-2 परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाये हैं तो वैसे विद्यार्थी अन्य सेशनों में आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

Jharkhand Academic Council/ C.B.S.E./ I.C.S.E. से मान्यता प्राप्त झारखण्ड राज्य के 10+2 स्तर के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों से अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन को संबंधित विद्यार्थियों की जानकारी के लिये सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाय।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

23/03

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक